तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगी तो काबू पाकर जान बचाना होगा काफी मुश्किल



## खबर संक्षेप

### चैनपुर में निकाली गई जागरूकता रैली



**मनेंद्रगढ़।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत चैनपुर में जनसंख्या नियंत्रण एवं परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से भव्य जागरूकता रैली एवं पदयात्रा का आयोजन किया गया। सरपंच के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को बढ़ती जनसंख्या के सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों की जानकारी देते हुए छोटा परिवार, स्वस्थ परिवार और समृद्ध समाज का संदेश दिया गया।

### जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी



**मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निदेर्शानुसार एमसीबी जिले में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा (11 से 18 जुलाई 2026) का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत आमजन को परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल, मनेंद्रगढ़ परिसर से विशेष जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के शहरी एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को छोटे परिवार, सुरक्षित मातृत्व और परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के संबंध में जागरूक करेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षक डॉ. स्वप्निल तिवारी, डॉ. नम्रता चक्रवर्ती, लक्ष्मी रजक, जिला लेखा प्रबंधक रविन्द्र सिंह तथा विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुलेमान खान सहित सिविल अस्पताल के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लटमा में विधिक साक्षरता शिविर



**बैकुण्ठपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैकुण्ठपुर कोरिया की ओर से जिले के विभिन्न स्कूलों में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कराया जाता है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम लटमा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लटमा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोजित उक्त कार्यक्रम में अधिकार मित्र जय प्रकाश सोलंकी द्वारा विद्यालय के बच्चों को विभिन्न विषयों पर कानूनी जानकारी देकर बच्चों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। मौजूद बच्चों को गुड टच, बैड टच, बाल श्रम, नशा का स्वयं एवं परिवार समाज में होने वाले दुष्प्रभाव, बाल विवाह के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई और बच्चों को बाल विवाह रोकने के जागरूक रहने एवं वाहन चालाने के दौरान अनिवार्य रुप से हेलमेट का उपयोग करने तथा परिवार के लोगों को भी इस दिशा में जागरूक करने के संबंध में बताया गया।

### धान की रोपाई पर संकट, किसानी कार्य प्रभावित

# मानसून की बेरुखी से बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आषाढ़ माह की शुरूआत में हुई झमाझम बारिश ने कोरिया जिले के किसानों में अच्छी खेती की उम्मीद जगा दी थी, लेकिन इसके बाद मानसून की रफ्तार थमने से खेती-किसानी का काम प्रभावित होने लगा है। पिछले कई दिनों से जिले में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है और धान की रोपाई का कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

आषाढ़ के पहले दिन हुई अच्छी बारिश के बाद किसानों ने खेतों की जुताई और बोआई का कार्य तेजी से शुरू कर दिया था। कई किसानों ने धान की नर्सरी (थरहा) भी तैयार कर ली है, जो अब रोपाई के लिए तैयार है। हालांकि खेतों में पर्याप्त पानी नहीं होने से रोपाई शुरू नहीं हो पा रही है।



कोरिया जिले में खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान है और जिले के अधिकांश कृषि रकबे में इसकी खेती की जाती है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष मानसून पहले ही देरी से सक्रिय हुआ और कुछ दिनों की बारिश के बाद फिर कमजोर पड़ गया। यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की रोपाई में और देरी होने से उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। बारिश थमने के बाद पिछले तीन दिनों से जिले के अधिकांश क्षेत्रों में तेज धूप निकल रही है। इससे वातावरण में उमस बढ़ गई है और लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। किसान अब अच्छी वर्षा का इंतजार कर रहे हैं ताकि धान की रोपाई का कार्य गति पकड़ सके।

### मनेन्द्रगढ़ को मिली मेडिकल कॉलेज की मान्यता

**मनेंद्रगढ़।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) से गीदम (दंतेवाड़ा), कुनकुरी (जशपुर), मनेन्द्रगढ़, जांजगीर-चांपा एवं कबीरधाम में 50-50 एमबीबीएस सीटों वाले 5 नए शासकीय मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके साथ ही प्रदेश में एक साथ कुल 250 नई एमबीबीएस सीटों का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि को छत्तीसगढ़ में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास का ऐतिहासिक पड़ाव बताया। उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में स्वास्थ्य और शिक्षा सबसे बड़ी पूंजी हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य ऐसा सुदृढ़, समावेशी और आधुनिक स्वास्थ्य तंत्र विकसित करना है, जहाँ प्रदेश का कोई भी युवा डॉक्टर बनने के अपने सपने से वंचित न रहे और किसी भी नागरिक को बेहतर उपचार के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख न करना पड़े। स्वास्थ्य मंत्री ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा का आभार जताते हुए कहा है कि पांच नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना से न सिर्फ स्थानीय युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

# कोरिया के 29वें एसपी हरीश ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, भा.पु.से. ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बैकुण्ठपुर पहुंचकर कोरिया जिले के 23 वें पुलिस अधीक्षक के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया।



■ अपने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का किए निरीक्षण

पदभार ग्रहण करने के उपरांत पुलिस अधीक्षक श्री राठौर ने कार्यालयीन शाखाओं का निरीक्षण किया तथा जिले की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग व्यवस्था एवं विभागीय कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना, आम नागरिकों की सुरक्षा एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही पुलिस एवं आमजन के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर जनहित में प्रभावी पुलिसिंग को और मजबूत किया जाएगा।

नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक श्री राठौर के पदभार ग्रहण करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेशा चौबे समेत जिले के पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत किया।

# डोमनहिल में अंतरजिला फुटबॉल स्पर्धा शुरु, 27 टीमें ले रहीं हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

क्षेत्र के डोमनहिल स्थित अमर कुंज क्रीड़ांगन में चिरमिरी फुटबॉल संघ की मेजबानी में अंतरजिला रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि महापौर रामनरेश राय, सभापति संतोष सिंह, नेता प्रतिपक्ष गायत्री विरहा, कुरासिया समूह के उपक्षेत्र प्रबंधक वीरिकांत कुमार, भाजपा पदाधिकारी प्रदीप सालूजा, रीत जैन, विधायक प्रतिनिधि राजू नायक, बबलू शर्मा, रामनरेश सिंह, कामेश्वर सिंह एवं गणेश ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर महापौर रामनरेश राय ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। वहीं नेता प्रतिपक्ष गायत्री विरहा ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खेल अत्यंत आवश्यक है और प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी खेल अथवा शारीरिक गतिविधि से जुड़ा रहना चाहिए। प्रतियोगिता में कुल 27 टीमें भाग ले रही हैं। पहले दिन खेले गए मुकाबलों में गोदरीपारा ने सलका सलवा को तथा विहारपुर ने महामाया क्लब कोरिया को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। मैच का आंखों देखा हाल संदीप ने प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में वरिष्ठ रेफरी अनिल कचेर के नेतृत्व में चन्ना राव, रणधीर ठाकुर, पप्पू कुमार, विजय विश्वकर्मा, सुनील कुमार, निकिता थापा, नागेश्वर राव, चंद्रशेखर पोलई एवं संदीप पटेल निर्णायक की भूमिका निभा रहे हैं। प्रतियोगिता के फाइनल में विजेता टीम को 21 हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को 15 हजार ⏭ शेष पेज 4 पर



### डिजिटल प्रशासनिक प्रणालियों पर प्रशिक्षण

**मनेंद्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्यालय में जिले के विभिन्न विभागों के सहायक ग्रेड-1, सहायक ग्रेड-2, सहायक ग्रेड-3 के साथ-साथ संविदा एवं कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए डिजिटल प्रशासनिक प्रणालियों के प्रभावी संचालन एवं शासन की ऑनलाइन सेवाओं के कुशल क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम डिप्टी कलेक्टर इंदिरा मिश्रा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं ऑनलाइन पोर्टलों के उपयोग में दक्ष बनाना, कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता एवं गति लाना तथा नागरिकों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में ईडीएम नारायण केवट एवं श्रवण कुमार ने सभी विषयों पर चरणबद्ध एवं व्यावहारिक तरीके से विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

# मलगा में विद्यालय के समीप जमीन धंसी, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

समीपवर्ती क्षेत्र के एसईसीएल कोतमा-जमुना क्षेत्र अंतर्गत बरतराई खदान से लगे ग्राम मलगा में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समीप अचानक जमीन धंस गई। घटना के बाद विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा आसपास के ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते स्थिति का वैज्ञानिक परीक्षण एवं आवश्यक सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विद्यालय परिसर से लगी भूमि अचानक धंसने के साथ ही आसपास के क्षेत्र में दरारें भी दिखाई देने लगी हैं। विद्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययन के लिए पहुंचते हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग तत्काल स्थल का निरीक्षण कर भूमि धंसने के कारणों की जांच कराए तथा संभावित खतरे वाले क्षेत्र की बैरिकेडिंग कर आमजन और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना दिए जाने के बावजूद संबंधित हल्का पटवारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी व्याप्त है। उनका कहना है कि राजस्व विभाग एवं खनन विभाग के अधिकारियों को तत्काल संयुक्त निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। यदि भूमि धंसने की वजह खदान क्षेत्र की गतिविधियां हैं तो इसकी उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का भू-वैज्ञानिक सर्वे कराया जाए, संभावित जोखिम का आकलन कर विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# घर-घर पहुंचीं विधायक रेणुका



**जनकपुर।** भरतपुर-सोनहत विस क्षेत्र की विधायक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह ने दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपनी स्वेच्छा अनुदान राशि से लगभग 100 दिव्यांग हितग्राहियों को कुल 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की पहल की है। इस अभियान के तहत प्रत्येक हितग्राही को 5-5 हजार रुपये का सहायता चेक दिया जा रहा है। विशेष बात यह रही कि विधायक स्वयं कई जरूरतमंद परिवारों के घर पहुंचकर सहायता राशि सौंप रही हैं, जिससे ⏭ शेष पेज 4 पर

■ 100 दिव्यांगजनों को बांटे 5 लाख रुपए के सहायता चेक

### निःशुल्क प्रवेश के लिए चयन प्रक्रिया 17 से

**मनेंद्रगढ़।** कार्यालय कलेक्टर एमसीबी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बालक क्रीड़ा परिसर, लालपुर (मनेंद्रगढ़) में निःशुल्क प्रवेश हेतु चयन प्रक्रिया की घोषणा की गई है। जिला अंतर्गत संचालित इस आवासीय क्रीड़ा परिसर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश प्रदान किया जाएगा। प्रवेश हेतु चयन प्रक्रिया एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण (ट्रायल) का आयोजन 17 एवं 18 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक बालक क्रीड़ा परिसर, लालपुर में किया जाएगा।

# राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के नेतृत्व में श्रीराम मंदिर, अयोध्या में सामने आए कथित चढ़ावा चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े मंदिर में चढ़ावे के संबंध में सामने आए आरोप अत्यंत गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि यह किसी धर्म या आस्था का नहीं, बल्कि जवाबदेही और पारदर्शिता का विषय है। यदि श्रद्धालुओं के चढ़ावे में किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कानून के अनुसार कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार इस पूरे मामले में जवाबदेही सुनिश्चित करने में विफल रही है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ मुख्तार अहमद, सुरेंद्र तिवारी, आशीष यादव लल्ला, सुरेश सिंह, अजीत लकड़ा, अजय सिंह, गणेश राजवाड़े, भूपेंद्र यादव, रवि राजवाड़े, संगीता राजवाड़े, देव नारायण कुशवाहा, राजू भगत, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, रामाधार टोप्पो, धीरज सिंह, आशीष डबरे, अनिल सिंह, रामकृष साहू, दीपक गुप्ता, अंकित गुप्ता धीरज शिवहरे, शशि मांझी, विक्रांत सिंह, अजय साहू, अभिषेक दुबे, संत राजवाड़े, स्वतंत्रता महोबिया, संतोष सूर्यवशी, प्रदीप राजवाड़े, असद आदि मौजूद रहे।

पारदर्शी जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की उठाई मांग




### सिद्धबाबा पहाड़ क्षेत्र में हो रहा था कार्य

# विरोध के बाद वन भूमि पर 2.47 करोड़ की सड़क निर्माण रुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

चिरमिरी नगर पालिक निगम द्वारा कोरिया के सिद्धबाबा पहाड़ क्षेत्र में लगभग 2.47 करोड़ रुपए की लागत से कराए जा रहे सड़क एवं रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहरा गया है।

आरोप है कि निर्माण कार्य वन विभाग की भूमि पर कराया जा रहा था, जबकि आवश्यक अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी। मामले के सामने आने के बाद वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को आगामी आदेश तक रोकने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार यह निर्माण कार्य जिले के वन कक्ष क्रमांक 513 के अंतर्गत कराया जा रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन क्षेत्र में आम नागरिक द्वारा बिना अनुमति पेड़ की शाखा काटने या किसी प्रकार का हस्तक्षेप करने पर तत्काल कार्रवाई की जाती है, लेकिन करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य के बावजूद लंबे समय तक संबंधित विभागों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई।

क्षेत्रवासियों ने निगम की कार्ययोजना पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि एक ओर निगम कर्मचारियों को कई महीनों से वेतन भुगतान की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर विवादित और अधूरी योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने डोमनहिल में पूर्व में निर्मित मंगल भवन का उदाहरण देते हुए कहा कि वह भी अधूरा पड़ा हुआ है।



**भूस्खलन से मंदिर को नुकसान की आशंका**

सिद्धबाबा पहाड़ क्षेत्र के निवासियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया गया तो भविष्य में भूस्खलन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे पहाड़ी पर स्थित मंदिर को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

### जनता के मन में उठ रहे सवाल

मामले को लेकर क्षेत्र में कई तरह की चचाएं हैं। लोगों का सवाल है कि यदि वन भूमि पर निर्माण कार्य के लिए अनुमति नहीं ली गई थी तो यह कार्य प्रारंभ कैसे हुआ और इसकी जवाबदेही किसकी है। वहीं यह भी सवाल उठ रहे हैं कि क्या संबंधित विभाग समय रहते कार्रवाई करेंगे और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होगी। फिलहाल वन विभाग द्वारा निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच के बाद संबंधित विभाग क्या निर्णय लेते हैं और यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कार्वाई की जाती है।

# बिलासपुर में गूंजी छात्रों की आवाज

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी बिलाल मेमन प्रदेश सचिव जानकारी दी बिलासपुर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के बिलासपुर आगमन पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

■ इमरान प्रतापगढ़ी ने युवाओं से किया सीधा संवाद बिलाल मेमन

शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्वागत के बाद वे यश पैलेस पहुंचे जहां आयोजित छात्रों की गूंज छात्र संवाद कार्यक्रम में उन्होंने प्रदेशभर से पहुंचे छात्र-युवाओं से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम में इमरान प्रतापगढ़ी ने छात्रों की समस्याओं, सुझावों और आकांक्षाओं को गंभीरता से सुना।



उन्होंने शिक्षा, रोजगार, युवा सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों पर अपने विचार रखते हुए कहा कि देश के युवाओं की आवाज को संसद से लेकर हर मंच तक मजबूती से उठाया जायेगा। कार्यक्रम के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में भी उन्होंने शिक्षा, युवाओं के भविष्य और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस का पक्ष रखा। इस अवसर पर ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### मां दुर्गा मंदिर तिलसिंवा का वार्षिक उत्सव 21 को

**सूरजपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष मां दुर्गा मंदिर तिलसिंवा का वार्षिक उत्सव 21 जुलाई से मनाया जाएगा। दुर्गा मंदिर के संरक्षक दीपक अग्रवाल ने



बताया है कि इस वर्ष भी मां दुर्गा मंदिर तिलसिंवा में वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। 21 जुलाई को कलश यात्रा सुबह 9 बजे से, शाम को रुद्राभिषेक, सायंकाल 4 बजे भजन, 22 जुलाई को प्रातः 8 बजे से अखंड रामायण एवं 23 जुलाई प्रातः 8 बजे से हवन पूजन दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा के साथ संपन्न होगा।

### शासकीय स्कूल व गौठान से टंकी चोरी करने मामले के दो आरोपी पकड़ाए

**बिश्रामपुर।** संपत्ति संबंधी अपराधों पर लगातार की जा रही कार्रवाई के तहत करंजी चौकी पुलिस ने खोपा गांव में हुई चोरी की वारदात का खुलासा



करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया सिंटेक्स टैंक भी बरामद किया है, जबकि मामले का एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, खोपा के सरपंच पति पवन सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 8 जुलाई की रात शासकीय माध्यमिक शाला (ऊपरपारा) परिसर से 5 सौ लीटर का एक सिंटेक्स टैंक , वॉश बेसिन तथा गौठान से 2 हजार लीटर क्षमता का एक सिंटेक्स टैंक चोरी कर लिया गया है, चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है। शिकायत में बताया गया कि गांव के आशीष राजवाड़े उर्फ पलपल, लक्ष्मण राजवाड़े और भट्टा राजवाड़े को गौठान से सामान ले जाते हुए देखा गया था। सूचना के आधार पर पुलिस ने पूछताछ की, जिसमें मुख्य आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया,इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के घर से चोरी का सिंटेक्स टैंक बरामद कर लिया। मामले में आशीष राजवाड़े और लक्ष्मण राजवाड़े को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वहीं तीसरे आरोपी भट्टा राजवाड़े की तलाश अब भी जारी है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी करंजी विशाल मिश्रा और उनकी टीम सक्रिय रही।

### गड्ढे में मुरम डालकर किया गया मरम्मत लोगों ने ली राहत की सांस



**प्रतापपुर।** नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 7 बिजली ऑफिस के पीछे केनापारा में सड़क पर गड्ढे तथा जलभराव होने से वार्ड वासियों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के इस मौसम सड़क पर जल जमाव होने तथा लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर आज सीएमओ नगर पंचायत को कहकर जेसीबी से रोड में मुरूम डलवाया गया और वार्डवासियों के चलने लायक बनाया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती योगेंद्र सिंह, वार्ड पार्षद श्रीमती सीता पैकरा व वार्ड वासी मौजूद थे।

## पौधरोपण नहीं होने से उजाड़ हो गया वनक्षेत्र

# बॉक्साइट खनन की गहरी खाइयां बनी जनजीवन के लिए बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के विभिन्न क्षेत्रों में बॉक्साइट खनन के बाद छोड़ी गई खाइयां जनजीवन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। बॉक्साइट खनन के बाद सरई के विशाल पेड़ तेजी से सूख रहे हैं जिससे क्षेत्र के प्राकृतिक परिदृश्य बदल गया है तथा सैकड़ों एकड़ भूमि अनुपयोगी हो गई है।

**खास बात**
- गड्ढों में गिरने से हो रही मवेशियों की मौत, डूब चुके हैं कई बच्चे

शासन द्वारा मैनपाट की खनिज संपदा बॉक्साइट का दोहन तेजी से हो रहा है। पूर्व में निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर विभिन्न क्षेत्रों में बॉक्साइट का खनन किया गया है। उद्योगों द्वारा बॉक्साइट का खनन तो किया जा रहा है लेकिन शासन द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है जिसका सीधा प्रभाव क्षेत्र के जनजीवन एवं पर्यावरण पर पड़ रहा है। शासन द्वारा वर्ष 2005-06 में तहसील क्षेत्र के ग्राम सपनादर, कुदारीडीह, बरिमा, नर्मदापुर एवं केसरा में बालको को बॉक्साइट खदाने आवंटित की गई थी। कंपनी ने ठेकेदारों के माध्यम से क्षेत्र की खदानों से वर्षों तक बॉक्साइट का खनन एवं परिवहन कराया। शासन द्वारा कंपनी को बॉक्साइट खदानों का लीज वर्ष 2047 तक दिया गया था लेकिन लगातार विरोध के कारण कंपनी को बीच में ही उत्खनन बंद करना पड़ा। वर्षों तक चले उत्खनन से खदान क्षेत्र में 15-20 फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं तो कहीं उत्खनन के लिए किए गए विस्फोट के बाद जगह-जगह मुरूम का पहाड़ खड़ा कर दिया गया है। कंपनी द्वारा बॉक्साइट उत्खनन के बाद बने खतरनाक खाइयों को पाटने की कभी पहल नहीं की गई। हालत यह है कि ग्राम सपनादर, कुदारीडीह, बरिमा, नर्मदापुर एवं केसरा के बड़े इलाके में बनी खतरनाक खाइयां जनजीवन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। इन गड्ढों में 8 महीने तक पानी भरा रहता है जिसमें गिरने से आए दिन पालतू मवेशियों की मौतें होती है। इन खतरनाक गड्ढों में डूबने से कई बच्चों की मौत भी हो चुकी है। नियमानुसार खनन के बाद खतरनाक गड्ढों को पाटना चाहिए ताकि इस भूमि का उपयोग हो सके लेकिन न तो कंपनी ने ही शासन के निर्देश का पालन किया न ही प्रशासन ने ही इस दिशा में कोई पहल की। जनजीवन के लिए खतरा बने इन गड्ढों को पाटने एवं भूमि को उपयोगी बनाना संभव नहीं दिख रहा है।



ग्राम सपनादर स्थित बॉक्साइट खदान का गड्ढा।

### सूख गए सैकड़ों पेड़

बॉक्साइट खनन क्षेत्र कभी प्राकृतिक साल वन का हिस्सा था। खनन के दौरान लगातार विस्फोट करने के कारण साल के कई पेड़ धराशायी हो गए तथा बचे-खुचे पेड़ तेजी से सूखने लगे। अब खदान क्षेत्र पेड़-पौधा विहीन हो गया है। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि बॉक्साइट उत्खनन के बाद क्षेत्र के तापमान में वृद्धि हुई तथा पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है। बॉक्साइट उत्खनन के पूर्व 60-70 फीट गहरा ट्यूबवेल खनन कराने पर पानी उपलब्ध हो जाता था जबकि अब 350 फीट गहराई तक ट्यूबवेल खनन कराना पड़ रहा है। ग्राम सपनादर के पंच महेश कुमार यादव ने बताया कि पूर्व में गांव के किसी भी घर में पंखे का उपयोग नहीं होता था। अब गर्मी बढ़ने के कारण बिना कूलर के रहना मुश्किल है यही हाल बॉक्साइट खनन क्षेत्र के हर गांव का है।

### हरियाली के नाम पर खानापूर्ति

शासन द्वारा बॉक्साइट उत्खनन क्षेत्र में भूमि को समतल कर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रारंभ में कंपनी द्वारा आरकेशिया प्रजाति की नर्सरी तैयार कर कुछ स्थानों पर पौधरोपण करने की खानापूर्ति की गई थी लेकिन देखरेख के अभाव में कुछ दिनों बाद ही सारे पौधे सूख गए। दोबारा पौधरोपण की पहली नहीं की गई। अब बॉक्साइट खनन क्षेत्र पूरी तरह से उजाड़ हो गया है। साल वृक्षों के सूख जाने के कारण क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से जंगल विकसित होने की भी संभावना नहीं है।

### बदली है परिस्थितियां

बॉक्साइट खदानों के गड्ढों से हमेशा दुर्घटनाएं होने का खतरा बना रहता है पूर्व में कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। बॉक्साइट खनन के बाद क्षेत्र का जलस्तर भी नीचे चला गया है। अन्य परिस्थितियां भी बदली है।

-श्रीमती बनियासो मांझी
सरपंच, सपनादर



# महिला ने घर के कमरे में लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट

महिला ने घर के कमरे में फांसी लगा लिया। परिजन महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नर्मदापुर लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। इधर मायके पक्ष के लोगों ने महिला की हत्या कर फांसी में लटकाने का आरोप लगाया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य में लाश का पीएम नहीं हो सका और पुलिस ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल पीएम कराया।

जानकारी के अनुसार कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुनिया निवासी मिनी यादव उर्फ पूजा पति अनोज यादव (25 वर्ष) बीती रात घर के कमरे में रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया। घटना को देख परिजन तत्काल फांसी से उतार महिला को नर्मदापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतिका के ससुर गोवर्धन यादव ने पुलिस को बताया कि बीती रात लगभग 8 बजे मिनी अपने कमरे में फांसी लगा लिया। वह किस कारण फांसी लगाई इसकी जानकारी नहीं है। इधर मृतिका के पिता संजय यादव ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि बेटी मिनी यादव की शादी तीन साल पहले गांव के ही अनोज यादव के साथ रीति रिवाज के साथ किया। शादी के बाद से ही पति अनोज यादव, सास व छोटी ननद किसी न किसी बात को लेकर मिनी को प्रताड़ित करते थे। यह बात पूर्व में भी मिनी यादव ने परिवार वालों को बताई थी। मायके पक्ष के लोगो का कहना है कि बीती रात घटना हुई लेकिन उन्हें सूचना तक नहीं दिया गया जबकि अंबिकापुर, राजपुर के रिश्तेदारों को घटना की सूचना दिया गया। मायके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया है कि मिनी की हत्या कर फांसी का रूप दिया गया है। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मृतिका के मायके व ससुराल पक्ष के लोगों के बीच मारपीट की स्थिति निर्मित हो गई। स्थिति तनावपूर्ण हो जाने पर फॉरेंसिक टीम बुलाया गया। टीम ने पहले लाश का निरीक्षण किया फिर घटना स्थल का। अस्पताल में तनाव की स्थिति बन जाने पर पुलिस ने लाश को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया जहां पीएम पश्चात लाश को परिजन के सुपुर्द कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा हर पहलू से जांच शुरू कर दी है।

- मायके पक्ष के लोगों ने हत्या कर फांसी में लटकाने लगाया आरोप

# आग से जली महिला के शरीर में इंफेक्शन होने से गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आग से जली महिला के शरीर में इंफेक्शन होने से उसकी मौत हो गई। लगभग डेढ़ साल पहले पत्नी को उठाकर जलते पुआल पर फेंक दिया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

- जलते पुआल में पत्नी को उठाकर फेंका था पति

जानकारी के अनुसार खैरबार खुदीपारा निवासी राजमनि उर्फ रिझीमनि पति गुलाब राम नगेसिया (30 वर्ष) 2 दिसंबर 2025 को घर में थी तभी पति गुलाब मुर्गा लेकर घर आया था। मुर्गा को देख पत्नी घर में बनाने तथा परिवार के सदस्यों के खाने की बात कही तो पति ने अपने दोस्तों के साथ बनाकर खाने की बात कही। पत्नी ने जब मना किया तो पति न सिर्फ नाराज हुआ बल्कि पत्नी के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी और पत्नी को उठाकर खेत के समीप जल रहे पुआल में फेंक दिया जिससे महिला गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। कई दिनों तक चले उपचार के बाद जब 18 दिसंबर को महिला ठीक हुई तो धटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया। इधर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई के बाद महिला को उसके पिता लुंड्रा अंतर्गत ग्राम करदोनी निवासी हीरालाल अपने घर ले गया। दो माह पूर्व ही महिला ससुराल खुदीपारा आई थी। इसी बीच शरीर में जले स्थान में इंफेक्शन हो गया जिससे बीती रात महिला की घर में मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सेवा सप्ताह के तहत विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने किया पौधरोपण

बिश्रामपुर। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत रविवार को बिश्रामपुर प्रखंड में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान श्री राम टॉवर स्थित धर्म ध्वज के समीप श्री राम भक्त हनुमान मंदिर परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी है।

## ग्राम राई में आंधी-तूफ़ान से क्षतिग्रस्त हुए मकानों के प्रभावित परिवारों को नहीं मिली मुआवजा राशि

**बिश्रामपुर।** भटगांव तहसील क्षेत्र में वर्ष 2025 में आई भारी बारिश और आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त हुए मकानों के प्रभावित परिवार आज भी सरकारी राहत का इंतजार कर रहे हैं। घटना को लगभग एक वर्ष बीतने के बावजूद ग्राम पंचायत राई के 11 प्रभावित परिवारों को अब तक मुआवजा राशि नहीं मिल सकी है। इससे पीड़ित परिवारों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

- राहत के लिए एक साल से भटक रहे ग्रामीण

जानकारी के अनुसार, जुलाई 2025 में तेज बारिश और आंधी के कारण कई मकानों के खपरैल, सीमेंट शीट और टीन शेड उड़ गए थे, जबकि कई कच्चे मकान पूरी तरह या आंशिक रूप से ढह गए थे। प्रभावित परिवारों ने नियमानुसार पटवारी के माध्यम से सभी आवश्यक दस्तावेज जमा किए थे। स्थानीय स्तर पर सर्वे कर नुकसान का आकलन भी किया गया और प्रतिवेदन भटगांव तहसील के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भैयाथान कार्यालय भेजा गया। इसके बावजूद अब तक राहत राशि स्वीकृत नहीं हो सकी है। ग्राम राई के संजय जायसवाल, रामानंद पैकरा, सहाल पैकरा, रिझवार, जागीर साय, छब्बीस कुमार, पटवारी यादव, बुधराम पैकरा, पारस देवांगन, अतवारू पैकरा तथा श्यामबाई ने बारिश और आंधी-तूफान से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की है।



प्रभावितों के अनुसार सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद उन्हें अब तक कोई आर्थिक सहायता प्रदान नहीं की गई है।वहीं गांव के कोटवार उत्तम पाल देवांगन और रामकरण यादव का आरोप है कि उन्होंने भी पटवारी के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज जमा किए थे, लेकिन उनका प्रकरण तहसील में जमा नहीं होने के कारण सूची में नाम शामिल नहीं हो सका जिससे वे भी मुआवजे से वंचित हो गये हैं। क्षेत्र की जनपद सदस्य फुलकेली मरकाम ने मामले की निष्पक्ष जांच कर लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराई जानी चाहिए। पीड़ित परिवारों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा के बाद राहत राशि समय पर मिलनी चाहिए थी, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण उन्हें एक वर्ष बाद भी सहायता के लिए भटकना पड़ रहा है।

## अटल चौक में एक हफ्ते से बिजली गुल खेतों में जल संकट गहराया

**बिश्रामपुर।** रामनगर के अटल चौक में पिछले एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जर्जर विद्युत तार जल जाने के कारण पूरे इलाके में अंधेरा पसरा हुआ है। खेतों में सिंचाई रुक गई है, पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है और सैकड़ों ग्रामीण रोजमर्रा की मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। लगातार एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होने से ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस विद्युत लाइन से अटल चौक और आसपास के मोहल्लों में बिजली पहुंचती है, उसके तार लंबे समय से जर्जर और सड़-गल चुके थे।



कई बार अधिकारियों को इसकी जानकारी देने के बावजूद समय रहते जर्जर तार को विभागीय अधिकारीयों ने नहीं बदलवाया, आखिरकार तार जल गया और पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया। बरसात के मौसम में बिजली गुल रहने से किसानों की चिंता और बढ़ गई है। खेतों में लगे विद्युत पंप बंद पड़े हैं, जिससे सिंचाई प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर पम्प नहीं चल पाने से पेयजल संकट भी गहरा गया है। महिलाओं को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। रविवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्या पूर्व भाजयुमो जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता के समक्ष रखी और तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली नहीं होने से खेती, घरेलू कार्य, बच्चों की पढ़ाई और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हो चुकी हैं। उन्होंने बिजली विभाग से तत्काल पुराने जले हुए तार हटाकर नए केबल लगाने की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए दुर्गा गुप्ता ने तत्काल बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किया।

साथ ही उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई, ताकि समस्या के समाधान में तेजी लाई जा सके। उनका कहना है कि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के लिए एक सप्ताह तक इंतजार करना उचित नहीं है और विभाग को प्राथमिकता के आधार पर बिजली आपूर्ति बहाल करनी चाहिए, ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो खेती-किसानी को भारी नुकसान होगा और पेयजल संकट की स्थिति और गंभीर हो जाएगी।



## खबर संक्षेप

### अभय साहू बने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश सह-संयोजक

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नई नियुक्ति की गई है। प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू के अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई जिसमें अंबिकापुर के युवा नेता अभय साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक पद पर नियुक्त किया गया। साथ ही कुणाल साहू को संयुक्त सचिव तथा श्रीमती रेखा साहू को महिला प्रकोष्ठ की सरगुजा संभाग संयोजक नियुक्त किए जाने पर समाज में हर्ष का माहौल है। इन नियुक्तियों पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त की है। साथ ही विश्वास व्यक्त किया है कि सभी पदाधिकारी संगठन की विचारधारा एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए समाज के संगठन, विकास एवं जनसेवा को नई दिशा एवं गति प्रदान करेंगे।

### एसआई की प्रारंभिक परीक्षा में शामिल हुए 331 अभ्यर्थी

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उप निरीक्षक की प्रारंभिक परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय को जिले का एकमात्र परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा में कुल 373 में से 331 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 42 अभ्यर्थी अनुपस्थित थे। इस बार परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग द्वारा विशेष व्यवस्था किया गया था। जिले में कलेक्टर श्रीमती चन्दन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सीजीपीएससी परीक्षा बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक पूरी हुई।

### मुख्यमंत्री उत्कर्ष योजना के तहत विद्यार्थियों की काउंसलिंग 14 को

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री अजा एवं अजजा विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए चयनित विद्यार्थियों की काउंसलिंग 14 जुलाई को सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बलरामपुर में आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग के दौरान विद्यार्थियों के मूल दस्तावेजों का परीक्षण एवं सत्यापन किया जाएगा, जिसके उपरांत उन्हें राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। आदिवासी विकास विभाग बलरामपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह काउंसलिंग मुख्यमंत्री उत्कर्ष योजना के अंतर्गत चयनित अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। जिसमें विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा, ताकि प्रवेश प्रक्रिया समयबद्ध एवं सुचारू रूप से पूर्ण की जा सके। सभी पात्र विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावक 14 जुलाई को आयोजित काउंसलिंग में समय पर उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कराएं।

## निर्धारित दर से अधिक वसूल रहे उर्वरक कीमत

# नकली खाद की दस्तक से बढ़ी किसानों की धड़कनें, की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

क्षेत्र में अच्छी बारिश शुरू होने के बाद किसानों के चेहरों पर बेहतर फसल की उम्मीद दिखाई दे रही है, लेकिन इसी बीच उर्वरक की कालाबाजारी और कथित रूप से निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूलने से किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में चर्चा है कि यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरकों की बिक्री शासन द्वारा निर्धारित दर से काफी अधिक कीमत पर की जा रही है। किसानों का आरोप है कि प्रति बोरी 300 से 500 रुपये तक अतिरिक्त राशि वसूली जा रही है। ऐसे में खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है।

**खास बात**
- खाद की कमी का फायदा उठाकर नकली उर्वरकों की आपूर्ति करने का आरोप

विकासखंड प्रतापपुर के नगर सहित आसपास के गांव में बरसात के मौसम शुरू होते ही खाद बीज की दुकान की संख्या में अचानक वृद्धि हो जाती है। जो बिना लाइसेंस या कृषि विभाग, खाद विभाग के लिस्ट में नहीं रहते और मनमानी तरीके से दुकान खोलकर अनाप-शनाप दर पर खाद-बीज की बिक्री करते है। ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को नहीं होती। बावजूद इसके किसी प्रकार की जांच व छापामार कार्रवाई नहीं होने से दुकान संचालकों के हौसले बुलंद है। खेती के इस महत्वपूर्ण सीजन में खाद की मांग बढ़ने का फायदा उठाकर कुछ व्यापारी मनमाने दाम वसूल रहे हैं। किसानों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें अधिक कीमत देकर खाद खरीदना पड़ रहा है, क्योंकि समय पर उर्वरक नहीं मिलने से बोआई और फसल प्रभावित होने का खतरा रहता है। कई किसानों का कहना है कि हम चाहकर भी शासकीय दर पर खाद नहीं पा रहे, दुकानदार मनमाना दाम वसूल रहे हैं और बिल तक देने से मना कर देते हैं। किसानों ने बताया कि शासकीय रेट पर निर्धारित कर सभी दुकानों में खाद दिया जाता है। बावजूद इसके यूरिया 266.50 प्रति बोरी, एनपीके 1450 प्रति बोरी, इफको 1900 प्रति बोरी, डीएपी 2200 प्रति बोरी से भी ज्यादा दर पर बेची जा रही है। ऐसे में अधिक दर पर प्रति बोरी दुकानों से खाद लेने को मजबूर है। शासन की अनदेखी और कृषि विभाग की उदासीनता रवैया के कारण यह गोरखधंधा फल-फूल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शासन प्रशासन सहित जिले के अधिकारियों से खाद की बिक्री अनाप-शनाप दर पर किए जाने की शिकायत की गई इसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है।




### नकली खाद की आशंका

किसानों का आरोप है कि खाद की कमी का फायदा उठाकर नकली उर्वरकों की आपूर्ति की जा रही है। कुछ लोग कम गुणवत्ता वाले या नकली उर्वरक को असली कंपनियों की बोरियों में भरकर ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। यदि इन आरोपों में सच्चाई है तो इससे किसानों की फसल और आर्थिक स्थिति दोनों पर गंभीर असर पड़ सकता है।

### कृषि विभाग की निगरानी पर उठ रहे सवाल

किसानों का कहना है कि यदि नियमित निरीक्षण, गोदामों की जांच और बाजार में छापामार कार्रवाई होती रहे तो कालाबाजारी और नकली खाद के कारोबार पर काफी हद तक रोक लग सकती है। किसानों ने मांग की है कि कृषि विभाग, राजस्व विभाग और प्रशासन संयुक्त अभियान चलाकर उर्वरक विक्रेताओं की जांच करने तथा प्रतापपुर क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाकर कालाबाजारी और नकली खाद के कारोबार पर तत्काल अंकुश लगाया जाए।

### की जाती है छापामार कार्रवाई

प्रतापपुर में खाद की छापामारी कार्रवाई की जाती है। अधिक कीमत में खाद बेचते पाए जाने पर दुकान संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-शिव शंकर यादव
कृषि विस्तार अधिकारी प्रतापपुर

## बतौली में मेंटेनेंस के नाम पर अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम



बतौली मुख्यालय सहित आसपास क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली की अघोषित कटौती से लोग परेशान है। बिजली गुल होने से व्यापारियों का दुकानदारी चौपट हो रहा है वहीं गांव में अंधेरा होने से ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इधर मेंटेनेंस करने दिनभर विभाग के कर्मचारी जुटे हुए है लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है जिससे लोग फिर से ढिबरी युग में जीने के मजबूर है।

बतौली क्षेत्र में बरसात से पूर्व ही विद्युत विभाग की टीम द्वारा मेंटेनेंस में जुटी हुई है वहीं हाल ही में बारिश के साथ तेज आंधी तूफान आने से कई जगह विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए और कई जगह विद्युत तार भी टूट गए थे। हालांकि विभाग द्वारा मरम्मत कार्य कर विद्युत बहाल की लेकिन फिर से पहले जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। इधर विभाग के कर्मचारियों द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर अघोषित कटौती करना शुरू कर दिया जिससे क्षेत्र के लोग परेशान है। बतौली व्यापारी वर्ग द्वारा बिजली विभाग की बदहाली को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है।अघोषित विद्युत कटौती से पेट्रोल पंप, राइस मिल, सहित बिजली के भरोसे बैठे छोटे व्यापारी वर्गों का दुकानदारी बिजली के आने जाने घंटों इंतजार करने के चक्कर में चौपट हो रहा है। जब कोई व्यापारी फोन के माध्यम से विभाग के संबंधित अधिकारियों से बिजली आने की सूचना की जानकारी लेना चाहे तो बदसलूकी किया जाता है। व्यापारियों का कहना है कि विभाग बिजली की लचर व्यवस्था में जल्द ही सुधार करें नहीं किया गया तो पूरा व्यापारी वर्ग उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगा। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अजीब विडंबना है कि बरसात के मौसम आते ही बिजली विभाग मेंटेनेंस करने के नाम पर मैदानी स्तर पर हर रोज कड़ी मशक्कत कर रहा है लेकिन कर्मचारियों से चूक कहा हो रही है कि लोगों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा है। विभाग गर्मी के दिनों में विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं किया जिससे पहली बारिश में ही विभाग के पोल खुल रहे है। हर गांव के फीडर में फॉल्ट की कमी आ रही है या सुधार के नाम पर मैदानी कर्मचारी सिर्फ खानापूर्ति में लगे है। बतौली क्षेत्र बिजली की समस्या से व्यापारी सहित ग्रामीण काफी परेशान है।

## कैबिनेट मंत्री ने कराया बच्चों को शाला प्रवेश



**अम्बिकापुर।** शनिवार को जिले के उदयपुर स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने उन्होंने बच्चों को मिठाई खिलाकर नवीन शैक्षणिक जीवन की शुरुआत कराई तथा अध्ययन सामग्री भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक सशक्त, आत्मनिर्भर और संस्कारित समाज के निर्माण की आधारशिला है। हमें ऐसा वातावरण तैयार करना होगा, जहां प्रत्येक विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निखारते हुए अपने सपनों को साकार कर सके। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला भी है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री राजेश अग्रवाल ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया और उनकी प्रतिभा की सराहना की। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।

### केदमा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**केदमा।** कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल एवं जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने शाउमा विद्यालय केदमा में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत कर अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किया। कैबिनेट मंत्री ने अध्ययन सामग्री एवं स्कूल ड्रेस भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विनोद हर्ष ने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश बच्चे शाला त्यागी होते हैं उन्हें चिन्हित कर पुनः अध्ययन हेतु प्रोत्साहित कर उनका प्रवेश कराया जाना चाहिए और शासन की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम को मण्डल अध्यक्ष प्रबोध सिंह एवं जनपद सदस्य नागेश्वरी सिंह ने भी सम्बोधित किया। साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी से अधिक से अधिक पौधरोपण कर प्रकृति के संरक्षण में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाने की बात कही। कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक, माध्यमिक एवं बालक आश्रम केदमा तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केदमा ने मिलकर आयोजित किया था। इस अवसर पर सभी नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर माला पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। सभी स्कूलों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान राकेश अग्रवाल, कृतिका सिंह, अखंड विधायक सिंह, लगन मोती, बुध मोहन सिंह, बृजेश चतुर्वेदी, सुनील अग्रवाल, श्रीनाथ सिंह, रमेश यादव, आकाश जायसवाल,पारसनाथ यादव, माहेश्वर पैकरा, रामलाल सिंह, अनूप विश्वास, केसी साहू, केसी बघेल, गिरीश बहादुर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।



## इलाज के नाम पर धर्मांतरण का आरोप चंगाई सभा को लेकर फिर गरमाया मामला



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

चांदनी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत कुबेरपुर में कथित रूप से इलाज और चंगाई सभा के नाम पर धर्मांतरण कराने का मामला एक बार फिर चर्चा में है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में पिछले पांच वर्षों से चंगाइर सभा और प्रार्थना का आयोजन किया जा रहा है, जिसका स्थानीय ग्रामीण कई बार विरोध कर रहे है।

ग्रामीणों के अनुसार कुबेरपुर में इलाज के नाम पर एक पादरी द्वारा कथित चंगाई सभा आयोजित की जाती रही है। ग्रामीणों का दावा है कि मामले को लेकर पूर्व में कई बार विरोध-प्रदर्शन किया गया और पुलिस से भी शिकायत की गई लेकिन सभा को पूरी तरह बंद नहीं किया गया। विरोध के बाद सभा का स्थान बदल दिया जाता था और दूसरे स्थान पर सभा होती थी। रविवार को ग्रामीणों ने एक बार फिर पुलिस को सूचना दी कि ग्राम कुबेरपुर में चंगाई सभा आयोजित की जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि मौके पर करीब 15-20 लोग एक स्थान पर बैठकर प्रार्थना कर रहे थे। पुलिस सभा में मौजूद लोगों को पूछताछ के लिए चांदनी थाना लेकर आई। मामले की जानारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी थाना पहुंच गए और मामले की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में गग्रामीण भी थाना पहुंच गए और मामले की निष्पक्ष जांच तथा उचित कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि चंगाई सभा के नाम पर लोगों को प्रभावित कर धर्मांतरण का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल पुलिस संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। खण्ड विस्तारक रूपेश गुप्ता ने मामले में खण्ड विस्ताकर रूपेश गुप्ता ने मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

## प्रयास आवासीय विद्यालय में वन महोत्सव में कैबिनेट मंत्री ने किया पौधरोपण



**रामानुजगंज।** ग्राम भेलवाडीह स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम एवं श्रीमती पुष्पा नेताम ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, कृष्णा गुप्ता, हीरामुनी निकुंज, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, वन मंडलाधिकारी सहित जिले के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण का संकल्प लिया गया।

## सैनिक स्कूल की प्राचार्य कर्नल सोबती को दी गई विदाई

अम्बिकापुर। सैनिक स्कूल की प्राचार्या कर्नल रीमा सोबती के स्थानांतरण पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। सुबह की विशेष सभा विद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं कैडेट्स ने कर्नल रीमा सोबती के कार्यकाल में विद्यालय की उपलब्धियों एवं उनके योगदान को स्मरण किया। कर्नल रीमा सोबती ने कैडेट्स को सदैव अनुशासन, ईमानदारी, उत्कृष्टता एवं राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की परंपरा के अनुरूप बैटन हैंडिंग-टेकिंग किया गया। इस औपचारिक समारोह में विद्यालय के नेतृत्व का प्रतीक बैट विधिवत हस्तांतरित किया गया, जो संस्था की निरंतरता, उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व की परंपरा का प्रतीक है। कर्नल रीमा सोबती के नेतृत्व में सैनिक स्कूल ने शैक्षणिक उत्कृष्टता, खेलकूद, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं, डिजिटल शिक्षा, नवाचार, फिट इंडिया अभियान, स्वच्छता ही सेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की। उनके कार्यकाल में शैक्षणिक एवं खेल सुविधाओं का विस्तार, परिसर का सौंदर्यीकरण, आधुनिक संसाधनों का विकास तथा विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण किया गया, जिससे विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण और अधिक समृद्ध बना। कर्नल रीमा सोबती ने कहा कि सैनिक स्कूल सदैव उनके हृदय के निकट रहेगा।

## जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए मंत्री नेताम

**रामानुजगंज।** जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन लरंगसाय कम्युनिटी हॉल में मंत्री रामविचार नेताम के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और पाठ्यपुस्तक, स्कूल बैग एवं गणवेश प्रदान कर स्वागत किया गया। वहीं सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं में प्रवेशित छात्राओं को साइकिल वितरित की गई तथा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा शिक्षा के महत्व और बालिका सशक्तिकरण पर आधारित प्रेरक नाट्य प्रस्तुति दी। एकलव्य आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक लोकनृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग बिखेरा। मुख्य अतिथि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही विकसित राष्ट्र की मजबूत नींव होता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के हाई स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा विकसित की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। मंत्री ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने पर भी जोर देते हुए नागरिकों से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की बात कही। नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि मंत्री रामविचार नेताम के प्रयासों से बलरामपुर और रामानुजगंज को इंडोर स्टेडियम की सौगात मिली है। इस दौरान जिपं अध्यक्ष हिरामुनि निकुंज, नपा उपाध्यक्ष शीला जायसवाल, जनपद अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह, उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, मुंशीराम, बद्री, अपर कलेक्टर आरएस लाल, एसडीएम आनंद राम नेताम, डीईओ मनी राम यादव, बीईओ विजय कुशवाहा व अन्य उपस्थित थे।



### 3 वर्षीय आरव का 10 दिन में बना जाति प्रमाण पत्र

रायगढ़। रायगढ़ के दरोगापारा निवासी विकास कुमार पंचाल ने अपने तीन वर्षीय पुत्र आरव पंचाल का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नजदीकी सेवा सेतु केन्द्र के माध्यम से आवेदन किया। आवेदन के मात्र 10 दिनों के भीतर उन्हें जाति प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया। विकास कुमार पंचाल ने बताया कि उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों के साथ सेवा. सेतु केन्द्र में आवेदन प्रस्तुत किया था। सभी दस्तावेज पूर्ण होने के कारण निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनका आवेदन शीघ्र निराकृत किया गया और उनके पुत्र का जाति प्रमाण पत्र समय पर जारी कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पहले ऐसे कार्यों के लिए कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से पूरी प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक हो गई है।

## हर माह की आर्थिक सहायता से बढ़ रहा है महिलाओं का आत्मविश्वास

रायगढ़। समाज के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर दिखाई देता है। इसी सोच को साकार करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना की शुरुआत की। यह योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम बन गई है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह पात्र महिलाओं के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण डीबीटी के माध्यम से राशि जमा की जाती है। इससे सहायता राशि बिना किसी मध्यस्थ के सीधे हितग्राहियों तक पहुंच रही है। नियमित आर्थिक सहयोग से महिलाओं में आर्थिक सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और वे परिवार की जिम्मेदारियों में पहले से अधिक आत्मविश्वास के साथ भागीदारी निभा रही हैं।

न्यायालय :- श्रीमती अंजली पाण्डेय
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सूरजपुर,
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
व्य.वा.प्र.क्रं- 191ए/2022
प्रो. नं. - 356/26
पेशी दिनॉक - 03/08/2026
//ईश्तहार//
ठाकरु प्रसाद वगैरह प्रति मीना वगैरह
प्रति, 1. वीरनारायण पुत्र सामजीरा, उम्र लगभग-47 वर्ष, 2. देवनारायण पुत्र सामजीरा, उम्र लगभग 40 वर्ष, दोनों जाति-तेली, पेशा-कृषि, निवासी ग्राम-महगवां (मण्डलपारा), थाना व तहसील-बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 3. रमेश्वरी पुत्री सामजीरा, उम्र लगभग -50 वर्ष, पेशा-गृहस्थी, निवासी ग्राम-कुड़ेली, पोस्ट-सरभोका, थाना-पटना, तहसील-बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 4. परमेश्वरी पुत्री सामजीरा, उम्र लगभग-42 वर्ष, जाति-तेली, पेशा-गृहस्थी, निवासी ग्राम-मांजा, पोस्ट-सरभोका, थाना व तहसील-रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) 5. सावित्री पुत्री सामजीरा, उम्र लगभग-38 वर्ष, जाति-तेली, पेशा-गृहस्थी, निवासी ग्राम-कुड़ेली, पोस्ट-सरभोका, थाना-पटना, तहसील-बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 6. मनमत पुत्री मंजीरा, उम्र लगभग-36 वर्ष, पेशा-गृहस्थी, निवासी ग्राम-चिरमिरी मंदिर दफाई कुरासिया, जिला-कोरिया (छ.ग.)
इस न्यायालय में व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक-191ए/2022 ठाकुर प्रसाद वगैरह प्रति मीना वगैरह में आप प्रतिवादी / अनावेदक है, आपको उक्त प्रकरण में कई बार समंस दिया गया, किन्तु आपको समंस की तामिली नहीं हो पा रही है।
अतः आपको इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक-03/08/2026 को दिन के ठीक 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों।
यदि आप बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है, तो आपके विरूद्ध प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।
इस दिनांक 16/06/26 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
श्रीमती अंजली पाण्डेय
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

आम सूचना
मैं सुरेन्द्र कुमार पिता प्रसादुलाल, उम्र करीब 47 वर्ष, जाति-पठारी, निवासी ग्राम-सकड़ा, तहसील-खड़गवाँ, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) का निवासी हूँ जो निम्नलिखित शपथ पूर्वक कथन करता हूँ :- 1. यह कि, मैं उपरोक्त वर्णित पते पर स्थाई रूप से निवास करता हूँ। 2. यह कि, मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में रिंकी आत्मज सुरेन्द्र कुमार दर्ज है। उक्त नाम घरेलु एवं पुकारू नाम दर्ज हो गया है। 3. यह कि, मेरी पुत्री के स्कूल में उसका नाम मैने टिवंकल दर्ज कराया है। जन्म तिथि 18/04/2016 दर्ज है जो सत्य एवं सही है। 4. यह कि, मैं अपने पुत्री के आधार कार्ड में दर्ज नाम रिंकी के जगह वास्तविक एवं सही नाम टिवंकल दर्ज कराना चाहता हूँ। जिस हेतु मुझे उक्त शपथ पत्र की आवश्यकता हुई है।
ह. शपथकर्ता
सत्यापन
मैं सुरेन्द्र कुमार पिता प्रसादुलाल यह सत्यापित करता हूँ कि उक्त शपथ पत्र की कंण्डिका क्रमांक 01 से 04 तक की जानकारी सत्य एवं सही है, जिसे आज दिनांक 30/06/ 2026 को सत्यापित कर अपना हस्ताक्षर किया।
ह. सत्यापनकर्ता

## पास आमने-सामने भिड़े दो ट्रक दोनों पक्षों पर अपराध दर्ज

**रायगढ़।** छाल थाना क्षेत्र में ग्राम हाटी और पुरूगा के बीच निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों ट्रकों के चालक घायल हो गए, जबकि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के चालक पर तेज व लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों शिकायतों पर अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार 9 जुलाई की तड़के करीब 3:15 बजे ग्राम हाटी और पुरूगा के बीच निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास 16 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 08 एडब्ल्यू 9977 और 14 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीसी 2471 की आमने-सामने टक्कर हो गई। 16 चक्का ट्रक का चालक बालौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम खरवे निवासी भालचंद साहू अकलतरा से सीमेंट लोड कर जशपुर के सन्ना जा रहा था। इसी बीच सामने से आ रहे 14 चक्का ट्रक के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसके ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में भालचंद साहू के बाएं हाथ, छाती और दोनों पैरों में चोटें आईं तथा ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दूसरी ओर, कोरबा जिले के ग्राम खरमोरा निवासी ट्रांसपोर्टर सुदर्शन मेहता ने भी छाल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

TOP IN KORIYA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



## खबर संक्षेप

### 12 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**मनेंद्रगढ़।** प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जिले के तीन मृतकों के वारिसों के लिए कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। यह सहायता राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा में मृतकों के आश्रितों को राहत उपलब्ध कराने की योजना के अंतर्गत प्रदान की गई है।

### अनुसूचित जाति मोर्चा के पुनः मंडल अध्यक्ष बनें गणेश



**बिजुरी।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की नई संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा के साथ ही कोयलांचल नगरी बिजुरी के सक्रिय भाजपा नेता गणेश महरा (राजा) को पुनः अनुसूचित जाति मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा होते ही क्षेत्र में कार्यकतार्ओं और समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल बन गया तथा उन्हें शुभकामनाएं देने वालों का तांता लग गया। गणेश महरा लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। पूर्व में भी वे मंडल अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और अनुभव को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर एक बार फिर विश्वास जताया है। कार्यकतार्ओं का मानना है कि उनके नेतृत्व में अनुसूचित जाति मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी और संगठन और अधिक मजबूत होगा। इनकी नियुक्ति पर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष सहबिन पनिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश जैन, विधायक प्रतिनिधि दीपक शर्मा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिंकू शर्मा, मंडल महामंत्री कैलाश कोल, पूर्व जिलामंत्री गुंजन साहू, चंद्रिका चंद्रा, रुकमणि चक्रवर्ती, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव, महामंत्री शिव जायसवाल, राकेश चंद्रा सहित सैकड़ों कार्यकतार्ओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### बाइक की टक्कर से गंभीर ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम रघुनाथनगर निवासी श्याम बिहारी आ. स्व. बसधारी (48 वर्ष) शनिवार की दोपहर खेत जुताई के लिए गांव में ट्रैक्टर ढूंढने जा रहा था। जैसे ही ग्रामीण पुलिया के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को रघुनाथनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई।

## संभाग के विकासखंड मुख्यालयों में नहीं है दमकल सुविधा, जिला मुख्यालय से भेजे जाते है वाहन

# ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगी तो काबू पाकर जान बचाना होगा काफी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभाग के ऐसे कई विकासखंड मुख्यालय सहित ऐसे कई क्षेत्र है जहां आग लगने पर जान बचाना मुश्किल हो जाएगा। जब तक इन क्षेत्रों में दमकल की टीम पहुंचेगी तब तक सबकुछ जलकर खाक हो जाएगा। ऐसा इसलिए क्यों कि इन क्षेत्रों में दमकल वाहन की व्यवस्था वर्षों बाद भी नहीं हो सकी है। आग लगने पर जिला मुख्यालय से वाहनों को भेजा जाता है और उन्हें घटना स्थल पर पहुंचने में दो घंटे तक का समय लग जाता है और जब तक टीम मौके पर पहुंचती है तब तक भारी नुकसान हो चुका होता है।

**खास बात**

- लम्बी दूरी के कारण टीम को स्थल तक पहुंचने में होती है दिक्कत

आगजनी की घटनाएं आम बात हो गई है। समय समय पर घर, दुकान, वाहनों में आग लगने की घटनाएं सामने आती रहती है। आगजनी की इन घटनाओं में नगर सेना के अधीन आ चुकी दमकल विभाग की टीम अपने वाहनों के साथ मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम करती है। मुख्यालय में दमकल वाहन होने से अब तक सैकड़ों घरों को जलने से बचाया जा चुका है लेकिन आज भी संभाग में कई ऐसे विकासखंड है जहां आज तक दमकल वाहनों की व्यवस्था नहीं हो पाई। एक तरफ जहां क्षेत्रों में विकास के नाम पर अरबों की लागत से सड़कें, भवन बन रहे है और विकास के अनेकों कार्य किए जा रहे है उन्ही क्षेत्रों में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कोई सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई। ऐसे में आग लगने पर मुख्यालयों से दमकल वाहनों को घटना स्थल के लिए रवाना किया जाता है। यदि दूरी 30 किमी के आस पास है तो दमकल की टीम 20 से 25 मिनट में मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू कर देती है लेकिन यदि दूरी ज्यादा हो तो दमकल की टीम को पहुंचने में काफी समय लगता है। कई बार दमकल की टीम को डेढ़ से दो घंटे का सफर कर घटना स्थल तक पहुंचना पड़ता है और तब तक आग से काफी नुकसान हो चुका होता है। इसका ताजा उदाहरण पिछले दिनों सीतापुर के सोनतराई क्षेत्र में एच 43 पर टक्कर के बाद ट्राला वाहन में आग लग गई थी। इस घटना की सूचना मिलने के बाद अंबिकापुर से दमकल की टीम को घटना स्थल पर पहुंचने में एक घंटे से अधिक का समय लग गया था।



**हर थाना क्षेत्र में होनी चाहिए व्यवस्था**

इतनी लम्बी दूरी से दमकल वाहनों को घटना स्थल पर पहुंचने में घंटो का समय लगता है। इस दौरान यदि कोई व्यक्ति आग की लपटों के बीच घिरा है तो उसे बचाना काफी मुश्किल हो जाएगा क्यों कि दमकल की टीम को घटना स्थल पर पहुंचने में काफी समय लगता है। ऐसे में जरुरी है कि जिस तरह जिलों में थाना क्षेत्रों की व्यवस्था की गई है उसी तरह दमकल टीम की भी व्यवस्था की जाए। वर्ष 2015 में मंत्री परिषद का निर्णय भी था कि हर थाना क्षेत्र में अग्नि शमन एवं आपातकालीन सेवा का गठन किया जाएगा और दमकल कर्मियों की नियुक्ति के साथ ही दमकल वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे लेकिन वर्षों बाद भी इसपर अमल नहीं हुआ। बड़ी बात तो यह है कि आज तक क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों ने भी इस दिशा में कोई ख़ास पहल नहीं की। जरुरत है कि विकासखंड स्तर पर ही मिनी फायर स्टेशन का निर्माण कर दमकल वाहन और दमकल कर्मियों को तैनात किया जाना चाहिए ताकि आग लगने पर दमकल की टीम मौके पर समय रहते पहुंच सके।

**इन क्षेत्रों में नहीं सुविधा**

संभाग में दमकल सुविधा की बात की जाए तो अंबिकापुर के साथ ही सभी जिला मुख्यालयों के अलावा बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर नगर पंचायत, रामानुजगंज, बलरामपुर, सरगुजा में सिर्फ अम्बिकापुर, सूरजपुर जिला मुख्यालय में दमकल की सुविधा है। बताया जा रहा है कि संभाग के बलरामपुर जिले में राजपुर, शंकरगढ़, कुसमी, सूरजपुर जिले के प्रतापपुर, भटगांव, चांदनी-प्रतापपुर, ओड़गी, भैयाथान, सरगुजा में सीतापुर, मैनपाट, बतौली, उदयपुर, लखनपुर, दरिमा कहीं भी दमकल की टीम या सुविधा उपलब्ध नहीं है। आग लगने पर मुख्यालयों से वाहनों को रवाना किया जाता है और कई बार घटना स्थल पर पहुंचने में टीम को देर हो जाती है। इतना ही नहीं सरगुजा की दमकल टीम बलरामपुर जिले में राजपुर विकासखंड, सूरजपुर जिले में बिश्रामपुर तक आग बुझाने के लिए जाते है।



## पैदल घर लौट रही महिला को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/वाड्रफनगर

बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर थाना क्षेत्र में तीन युवकों ने महिला को बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपियों ने महिला के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और उसके हाथ पैर को साड़ी से बांध दिया। बाद में महिला द्वारा किसी तरह शोर मचाने पर लोगों को आता देख आरोपी भाग निकले। फिलहाल इस मामले में महिला ने तीनों आरोपियों की पहचान कर ली है और पुलिस के समक्ष नामजद शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। इधर इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश का माहौल है।

- तीन युवकों ने दिया वारदात को अंजाम, पुलिस ने लिया हिरासत में

बताया जा रहा है कि रघुनाथनगर थाना अंतर्गत रहने वाली 45 वर्षीया महिला अपनी दो छोटी बेटियों के साथ रहती है। महिला के पति की मौत हो चुकी है जबकि सबसे बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। महिला 11 जुलाई की शाम खेत जुताई का पैसा पहुंचाने गई हुई थी। महिला पैसा देकर पैदल ही वापस अपने घर लौट रही थी। इस दौरान रास्ते में दो युवक मौजूद थे और नशे में धुत थे। दोनों युवकों ने महिला को पकड़कर झाड़ियों की तरफ खींच लिया। इस दौरान उन्होंने महिला की साड़ी खोलकर उसके हाथपैर बांध दिए और फिर बारी बारी से उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपियों इस दौरान आरोपियों ने महिला के स्तन पर दांत भी गड़ा दिया और उसके ऊपर पेशाब भी कर दिया। दोनों युवकों ने दुष्कर्म करने के बाद अपने तीसरे साथी को भी मौके पर फोनकर बुला लिया। इसी बीच किसी तरह से महिला ने अपना मुंह खोलकर चीखना व शोर मचाना शुरू कर दिया। महिला की आवाज सुनकर आस पास मौजूद ग्रामीण घटना स्थल पहुंचे। इधर लोगों को आता देख तीनों आरोपी भाग निकले। इधर ग्रामीणों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा महिला को अस्पताल में मुलाहिजा कराने के साथ ही महिला की शिकायत पर अपराध दर्ज किया है।

## गाय को बचाने के प्रयास में डिवाइडर से टकराई कार, बाल- बाल बचे सवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नवापारा मुख्य मार्ग पर बीती रात कार सवार गाय को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से टकरा गए। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कार का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि कार के दोनों एयर बैग खुल जाने से वार बाल बाल बच गए।

जानकारी के अनुसार जबलपुर से विश्रामपुर मीना बाजार आ रहे कार सवारों की तेज रफ्तार कार कोतवाली थाना क्षेत्र के नवापारा मुख्य मार्ग पर देर रात सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए, दोनों एयरबैग खुल गए जबकि डिवाइडर के कई हिस्से उखड़कर दूर तक जा गिरे। डिवाइडर पर लगा बिजली का खंभा भी टूटकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसा देर रात करीब दो से तीन बजे के बीच हुआ इसलिए उस समय घटनास्थल पर कोई मौजूद नहीं था। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने क्षतिग्रस्त कार देखी और तत्काल डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और कार में फंसे युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में कार सवारों को केवल मामूली चोटें आईं, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। कार चालक ने बताया कि रास्ते में अचानक एक गाय सड़क पर आ गई थी। गाय को बचाने के प्रयास में वाहन से उसका नियंत्रण हट गया और कार सीधे डिवाइडर से जा टकराई। प्राथमिक उपचार के बाद सभी की स्थिति सामान्य बताई गई। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। बाद में पुलिस और संबंधित विभाग की टीम ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाया तथा सड़क पर बिखरे मलबे और गिरे बिजली के खंभे को हटाकर यातायात सामान्य कराया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सामने आए वीडियो में तेज रफ्तार कार के डिवाइडर से टकराने, वाहन के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने और डिवाइडर के हिस्सों के दूर तक बिखरने का दृश्य साफ दिखाई दे रहा है। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय सड़क पर कोई अन्य वाहन नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण गाय को बचाने के प्रयास में वाहन से नियंत्रण खोना माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## संभाग स्तरीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता 94 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

एमसीबी जिले के चिरमिरी में पहली बार संभाग स्तरीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन हल्दीबाड़ी स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। चिरमिरी शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में संभाग के विभिन्न जिलों से आए 94 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी रणनीतिक सोच, कौशल और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्र में शतरंज खेल को बढ़ावा देना तथा नई प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना रहा। महिला, पुरुष एवं विभिन्न आयु वर्ग के बाल खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे दिनभर रोमांचक मुकाबलों का माहौल बना रहा। सात राउंड तक चले मुकाबलों के बाद मोहम्मद हसनैन अली ने प्रथम, श्रेयांश मिश्रा ने द्वितीय, श्रेया शिल्पी ने तृतीय, राजेश कुमार मिश्रा ने चतुर्थ तथा अरुण सिंह ने पांचवां स्थान प्राप्त किया।

आयोजन समिति के अनुसार चिरमिरी में पहली बार अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप, छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के मार्गदर्शन एवं विशेषज्ञ आर्बिटरों की देखरेख में इस स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता को खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों का भरपूर सहयोग एवं सराहना मिली। आयोजकों ने विश्वास जताया कि इस सफल आयोजन से भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन का मार्ग भी प्रशस्त होगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. भागवत प्रसाद दुबे, अध्यक्षता रिजनल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. बिराजी ने की। विशिष्ट अतिथियों में थाना प्रभारी विजय सिंह, डॉ. सुमित, सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं के.बी. पटेल ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रशासक डी.के. उपाध्याय, हल्दीबाड़ी हाई स्कूल के प्राचार्य चंदन दत्ता, इंटक अध्यक्ष अब्दुल सलीम, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष गायत्री बिरहा तथा चिरमिरी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवांश जैन उपस्थित रहे। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि महापौर रामनरेश राय तथा अध्यक्षता चिरमिरी शतरंज संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर के. डोमरू रेड्डी ने की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के सह सचिव सरोज कुमार वैष्णव, डी.के. उपाध्याय, डॉ. सुमित, सुभाष कश्यप, अब्दुल सलीम, सुजीत जायसवाल, वैभव तिवारी, आर्बिटर पी.के. मंडल, राजकुमार केशरवानी, हाफिज मेमन, केवल सिंह, जगदीश सेठी, गणेश ठाकुर एवं पार्षद मनीष खटिक सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। चिरमिरी शतरंज संघ के अध्यक्ष के. डोमरू रेड्डी ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि महापौर रामनरेश राय, डी.के. उपाध्याय एवं छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के सह सचिव सरोज कुमार वैष्णव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए चिरमिरी में इस सफल आयोजन की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करने के साथ उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आयोजन की सफलता में चिरमिरी शतरंज संघ के सचिव बी. मनियन सहित संघ के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नशीले इंजेक्शन के साथ महिला गिरफ्तार, गई जेल

**अम्बिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने नशीले इंजेक्शन के साथ महिला को गिरफ्तार किया। टीम ने महिला के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ब्रम्हपारा निवासी आशा पांडेय घर से नशीला इंजेक्शन बिक्री कर रही है। सूचना पर सूचना पर उड़नदस्ता टीम तत्काल आशा पांडे के घर दबिश दी। टीम जब आशा पांडे के घर पहुंची तो आशा पांडे अपने घर के पीछे एक थैला फेंकने का प्रयास की परंतु उसे एक महिला सैनिक द्वारा पकड़ लिया। महिला सैनिक द्वारा उसके हाथ में रखे थैले की जांच की तो थैला में 28 नग नशीला इंजेक्शन मिला। टीम ने नशीला इंजेक्शन को जब्त कर आशा पांडेय को गिरफ्तार कर लिया साथ ही आरोपी आशा पांडेय के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि आरोपी आशा पांडे पहले ब्राउन शुगर बेचती थी और ब्राउन शुगर के मामले में जेल भी जा चुकी है। वर्तमान में ब्राउन शुगर की जगह आशा पांडेय काफी समय से नशीला इंजेक्शन बेच रही थी। उसके घर में पहले भी तलाशी ली गई है परंतु सफलता हाथ नहीं लगी थी। आज टीम को उसे रंगे हाथ पकड़ने में सफलता हाथ लगी। उक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में महिला सैनिक राजकुमारी सिंह, नगर सैनिक रणविजय सिंह एवं रोहित सोनवानी सक्रिय रहे।



### अभिनव स्कूल के छात्रों ने किया पुसौर थाना का शैक्षिक भ्रमण

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में संचालित अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम के अभिनव विद्यामंदिर पुसौर द्वारा हाल ही में कक्षा तीसरी और चौथी के नन्हें छात्रों के लिए थाना पुसौर का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। कुछ दिन पूर्व अभिनव स्कूल प्रबंधन प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी और उनकी टीम के सहयोग से पुसौर थाना के टीआई हर्षवर्धन सिंह स्कूल पहुंचे थे। वहां उन्होंने जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को कानून सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी थीं। उसी दौरान बच्चों ने थाना कार्यालय को नजदीक से देखने की इच्छा जताई थी। बच्चों की इस जिज्ञासा को ध्यान में रखते हुए बीते शनिवार को अवकाश के समय स्कूल के छात्रों को थाना पुसौर ले जाया गया। थाना पहुंचने पर सब इंस्पेक्टर कुंदन गौर एएसआई उमाचरण नायक प्रधान आरक्षक अमित तिर्की बसंत पाण्डेय दिलीप सिदार सहित समस्त स्टाफ ने बच्चों का स्वागत किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### डोमनहिल में अंतरजिला...

रुपये नगद पुरस्कार के साथ अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में नेशनल रेफरी अनिल कचेर, कंचन पाल, चन्ना राव, सुनील कुमार, श्रीपत राय, देवानंद, अब्दुल सत्तार, शिव प्रसाद, जीसान अहमद सहित चिरमिरी फुटबॉल संघ के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### घर-घर पहुंचीं...

लाभार्थियों और उनके परिजनों में खुशी और आत्मविश्वास का माहौल है। इस पहल की पूरे भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने दिव्यांगजनों के घर पहुंचकर उनकी जरूरतों को समझते हुए सीधे आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया है। ग्राम भगवानपुर की दिव्यांग वृद्धा समतिया ने सहायता राशि मिलने के बाद भावुक होकर कहा कि उनके जीवन में पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने उनकी परेशानी को समझते हुए मदद की है। उन्होंने कहा कि यह राशि उनके लिए बड़ी राहत साबित होगी। इसी गांव के एक अन्य दिव्यांग हितग्राही ने बताया कि विधायक से मिले 5 हजार रुपये उनके लिए केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सम्मान और भरोसे का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से उनकी आवश्यक जरूरतें पूरी करने में मदद मिलेगी। भाजपा युवा नेता एवं नगर पंचायत जनकपुर के उपाध्यक्ष नीलेश मिश्रा ने विधायक की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि भरतपुर क्षेत्र के इतिहास में पहली बार किसी विधायक ने दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर इस प्रकार सहायता राशि वितरित की है। उनके अनुसार लगभग 100 दिव्यांगजनों को 5 लाख रुपये की सहायता प्रदान करना मानवीय संवेदनाओं का उत्कृष्ट उदाहरण है। भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री कुलदीप तिवारी ने बताया कि सहायता वितरण के लिए तैयार की गई सूची में अधिकांश वास्तविक जरूरतमंदों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों में करीब 80 प्रतिशत दिव्यांगजन हैं और पहली बार स्वेच्छा अनुदान राशि का वितरण पारदर्शिता तथा वास्तविक आवश्यकता के आधार पर किया गया है।

### बिलासपुर में गूंजी...

पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज,प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन, छत्तीसगढ़ प्रभारी रंजीत बेदी, विधायक देवेंद्र यादव, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे, प्रदेश सचिव बिलाल मेमन, प्रदेश महासचिव आमिल, साहिल सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहेराज्यसभा सांसद के दौरे की शुरूआत रविवार सुबह रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचने से हुई जहां कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे सड़क मार्ग से बिलासपुर रवाना हुए। रास्ते में बिरगांव, नांदघाट, सारागांव सहित विभिन्न स्थानों पर भी कार्यकतार्ओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। बिलासपुर पहुंचने पर महाराणा प्रताप चौक, सत्यम चौक, इंदिरा गांधी चौक और शिव टॉकीज चौक पर भी स्वागत कार्यक्रम आयोजित किये गये मनेन्द्रगढ़ से कांग्रेस प्रदेश सचिव बिलाल मेमन भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का बिलासपुर दौरा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रदेश के छात्र-युवाओं को अपनी बात रखने का सशक्त मंच प्रदान करने वाला ऐतिहासिक आयोजन रहा।

## सूने मकान में 5 लाख रूपए नगदी व जेवर की चोरी

**अंबिकापुर।** शहर के जवाहर मार्केट स्थित सूने मकान में चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। बड़ी बात यह है कि इस चोरी में घर में काम करने वाला एक युवक भी शामिल था और उसने खुद को बधंक बनाए जाने की झूठी कहानी गढ़ी। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में चार लोगो को हिरासत में लिया है और पूछताछ चल रही है।

पुलिस ने आरोपियों से चोरी किए गए पांच लाख रूपए नगद को भी बरामद किया है। आरोपियों ने नगदी रकम को डाइट के पीछे झाड़ियों में छिपाया था। बताया जा रहा है कि जवाहर मार्केट निवासी सुभाष अग्रवाल परिवार के साथ बाहर गए हुए थे। इस दौरान उन्होंने घर के रखवाली की जिम्मेदारी घर में ही काम करने वाले युवक को दी थी। रविवार को जब परिवार के सदस्य घर लौटे तो उनके होश उड़ गए। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और 5 लाख रूपए नगदी के साथ ही जेवर पार हो गए थे। इस घटना की शिकायत गांधीनगर पुलिस से की गई। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में युवक से पूछताछ की तो उसका बयान संदेहास्पद लगा। युवक के अनुसार बदमाशों ने उसे बंधक बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस की कड़ाई के बाद युवक ने चोरी की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने फिलहाल चार लोगों को हिरासत में लिया है और उनके पास से पांच लाख रूपए नगदी बरामद किया है। उक्त रकम को आरोपियों ने डाइट के पीछे झाड़ियों में छिपाया था जबकि जेवर चोरी की पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411